हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार,30 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 भारत के महान योद्धा एवं दानवीर थे भामाशाह



12 नीतू बनी मिस फेयरवेल



## खबर संक्षेप

### नशीले पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी बड़वासनी का है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश ने बताया कि गत 27 अप्रैल को उनकी टीम ने गांव बड़वासनी के पास से अवैध मादक पदार्थ तस्करी की गुप्त सूचना पर मोनू निवाीस बड़वासनी को गिरफ्तार किया था। आरोपित के पास से 220 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। आरोपित के खिलाफ इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित सुनील को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### नरेला का युवक अवैध हथियार मामले में काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमनदीप निवासी नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था।कुंडली थाने में तैनात उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ चौक के पास मौजूद थी। उसी दौरान टीम ने अक्षित नाम के युवक को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। आरोपित के पास से अवैध देशी पिस्तौल व पांच जिंदा रौंद बरामद किए थे।

### माछरी में घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव माछरी में घर के अंदर घुसकर लाठी-डंडों व सील बट्टे से हमला कर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। रोनक ने बताया कि गत 25 अप्रैल को रात करीब 1 बजे उसके घर पर ओमप्रकाश व मंजीत, कमलेश अंदर आ गए। अंदर आते ही लाठी-डंडों व सील बट्टे से हमला कर दिया। हमलावरों ने उन्हें पीट-पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी इक्ट्ठा होने लगे। हमलावर उसे धमकी देकर फरार हो गए। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पानीपत पहुंचे। जहां उन्होंने अपना उपचार करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके पर पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लोकसभा के रण में उम्मीदवारों को सता रहा भीतरघात का खतरा

दीपक वर्मा. सोनीपत

घर का भेदी लंका ढहाए। कहावत बहुत पुरानी है, लेकिन असरदार आज भी है। सोनीपत लोकसभा के रण में डटे धुरंधरों को परेशान भी कर रही है। विशेषतौर पर भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों को अपनों की नाराजगी का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। खास बात ये है कि प्रत्यक्ष तौर पर गुटबाजी दिखाने वाली कांग्रेस के नेता फिलहाल तक तो सार्वजनिक मंचों पर एकजुट नजर आ रहे हैं। वहीं कड़े अनुशासन वाली पार्टी माने जाने वाली भाजपा के कुछ नेता सार्वजनिक मंच भी सांझा करने से बच रहे हैं। राजनीतिक पंडितों की मानें तो भाजपा और कांग्रेस में भीतराघात दोनों ही प्रत्याशियों के लिये खतरनाक हो सकता है, लेकिन किस प्रत्याशी के लिये ज्यादा और किस के लिये कम खतरनाक होगा, ये चुनावी नतीजे ही बताएंगें। क्योंकि अपनों की ये नाराजगी उनके खुद के अपनों के वोट दूर कर देती है।

**भीतराघात के फेर में उलझे भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार**

दूसरी ओर बात करें जजपा और इनेलो की तो। इनेलो प्रत्याशी अपनी पार्टी की पुरानी साख वापस लाने के दबाव में हैं तो जजपा प्रत्याशी पर पिछली बार के प्रदर्शन को बढ़ाने की उम्मीद है।

### जजपा ने उतारा प्रत्याशी

हालांकि जजपा ने सोमवार को ही भूपेंद्र मलिक को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। 2019 में जजपा की टिकट पर बरोदा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भूपेंद्र मलिक गांव भैंसवाल कलां के निवासी हैं और जजपा के राष्ट्रीय सचिव भी हैं। वहीं इनेलो अपनी टिकट पूर्व एसपी एवं द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया को दे चुकी है। इसके अलावा कांग्रेस ने तीन दिन पहले ही सफीदों के पंडित सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट दिया था, जबकि भाजपा ने काफी समय पहले ही राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली को चुनावी रण में उतार दिया था।

**इनेलो प्रत्याशी पर होगा पुरानी साख लाने का दबाव, प्रचार अभियान में झोकी ताकत**

### खुलकर सामने आ रही कलह

सोनीपत लोकसभा चुनावों के अभी तक के प्रचार में सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि टिकट के दावेदार रह चुके दो-तीन नेता सार्वजनिक मंचों पर मोहन लाल बड़ौली के साथ मंच सांझा करने से कतरा रहे हैं। इसमें से एक नेता को सार्वजनिक मंच पर लाना भी खतरनाक हो, बड़े विवाद में फंसे होने के कारण ये नेता खुद भी दूर हैं। वहीं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी से नेता बनने वाले भी बड़ौली से दूरी बनाए हुए हैं। अनुशासन प्रिय पार्टी के इन दावेदार नेताओं में से कुछ तो सार्वजनिक तौर पर बड़ौली की खिलाफ भी बोलते सुने गए हैं। हालांकि टिकट के दावेदारों में शामिल रहे पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, आजाद नेहरा पूरी तरह से बड़ौली का साथ निभा रहे हैं।

**जजपा प्रत्याशी को पिछले प्रदर्शन से ज्यादा की उम्मीद, जनसंपर्क पर जोर**

### एकजुट हो रहे कांग्रेसी

वहीं कांग्रेस ने जिस तरह से पंडित सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट दिया है, उससे 79 दावेदारों में शामिल दो-तीन बड़े नाम रोष में हैं। इनमें से कुछ ने तो टिकट के चक्कर में ही कांग्रेस ज्वाइन की थी। कमाल की बात ये है कि कांग्रेस में गुटबाजी और फूट हमेशा ही सामने दिख जाती थी, लेकिन इस बार सार्वजनिक जगहों पर यह गुटबाजी दिखाई नहीं दे रही। हालांकि एक-दो दावेदार सतपाल ब्रह्मचारी के कार्यक्रमों से दूरी जरूर बनाए हुए हैं। इसके बावजूद जो ज्यादा हैवीवेट दावेदार थे, वे प्रत्याशी के साथ ही दिखाई दे रहे हैं।

**इनेलो और जजपा पर भी रहेगी नजर**

इनेलो के प्रत्याशी अनूप दहिया हो या फिर हालिया घोषित जजपा के भूपेंद्र मलिक। ये दोनों ही प्रत्याशी जितनी भी मेहनत करेंगे, उतना ही कांग्रेस को नुकसान करेंगे। 2005 के बाद से जो वोट बैंक धीरे-धीरे अब कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक बन गया है। उस वोट बैंक में इनेलो व जजपा प्रत्याशी सेंधमारी कर सकते हैं। इसीलिये कांग्रेस प्रत्याशी को इन चुनावों में दोहरी मार से बचना होगा।

## सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर हादसे से मातम में बदली खुशियां

# मन्नत में मांगा था बेटा, हादसे में लाल के साथ खो दी बेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर हुए हादसे से पहले परिवार में जहां खुशियां मनाई जा रही थी। बच्चे के लिए धार्मिक स्थलों पर मन्नते मांगने के बाद मन्नत पूरी होने के बाद धार्मिक स्थल पर माथा टेककर वापिस लौटते समय हादसा का शिकार हो गए। जिसकी वजह से खुशियां ज्यादा नहीं टिक पाई। एक हादसे में परिवार के चार सदस्यों की जिंदगी लील ली। इसमें भी ज्यादा दुखद यह है कि तीन माह के मासूम की भी जान चली गई। जिसको पाने के लिये मन्नतें मांगी गई थी और उन्हीं मन्नतों के सिलसिले में ही परिवार धार्मिक स्थान पर गया था।

- दिल्ली के परिवार की गाड़ी करेवड़ी के पास पुलिया से टकरा गई
- हादसे में बच्चे समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई



**सोनीपत।** हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन।



**सोनीपत।** अस्पताल में उपचाराधीन घायल।

अस्पताल में पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि दिल्ली के शाहबाद डेयरी स्थित मुर्गा मार्केट क्षेत्र निवासी सत्य मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते है। उनकी शादी पूजा के साथ हुई थी। पूजा को सत्य से शादी के बाद पहले बेटी ढीलू, फिर दीपिका व उसके बाद चीकू हुई। एक के बाद एक तीन बेटी होने पर परिवार ने बेटे के लिए मन्नत मांगी थी। साथ ही मन्नत पूरी होने पर बेटे को लेकर माता शीतला, माता सिंक पाथरी व बाबा बावरिया मंदिर में आने की बात कही थी। तीन माह पहले घर में बेटे जिज्ञांश के साथ खुशियों का आगाज हुआ। परिवार ने जमकर जश्न मनाया था। वह खुशियां ज्यादा दिन तक परिवार के साथ नहीं रह सकी। मन्नत पूरी करने के लिए मां पूजा अपने नौनिहाल के साथ तीनों बेटियां, मां, बहन-बहनोई और तीन बच्चों को लेकर मत्था टेकने निकल पड़ी। हादसे में पूजा ने बेटे के साथ ही बेटी, मां व बहन को भी सदा के लिए खो दिया।

### परिवार को सुबह सात बजे हादसे का पता चला

नागरिक अस्पताल में पहुंचे दो बच्चों को खोने वाले सत्य ने कहा कि उन्होंने रविवार को परिवार के सदस्यों को जाने से मना किया था। चालक धर्मबीर ने कहा कि उन्हें परिवार के साथ बाहर घूमने जाना है। ऐसे में फिर उनके पास समय नहीं रहेगा। वह रविवार को ही जा सकते है। जिस पर वह उनके साथ नहीं जा सके। सुबह सात बजे उन्हें हादसे का पता लगा।

## हथौड़ा मारकर हत्या करने के आरोपी में दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, पति रिमांड पर
- आरोपित महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

बहालगढ़ थाना पुलिस ने गांव बहालगढ़ स्थित संस्कृत स्कूल के परिसर में युवक की सिर में हथौड़ा से वार कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपित दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पति का कहना है कि पत्नी से बदतमीजी करने पर उन्होंने युवक की हत्या की थी। पुलिस ने मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव इदरीशपुर निवासी मनोज को एक दिन के रिमांड पर लिया है। उसकी पत्नी को अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### ये बोले परिजन

गांव लिवासपुर निवासी राकेश ने गत 28 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उनका छोटा बेटा योगेश उर्फ लालू (33) 27 अप्रैल की रात को बाहर गया था। वह गांव बहालगढ़ स्थित संस्कृत स्कूल के पास चौकीदार के साथ देखा गया था।
श रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे समिति सदस्य स्कूल की तरफ गए तो उन्होंने योगेश का शव परिसर के अंदर पड़ा देखा था। जिस पर परिजनों को बताया था। वह सीधे स्कूल में चौकीदार मनोज व उसकी पत्नी के कमरे में गए थे। जहां पर उन्होंने कहा था कि हमने तेरे भाई योगेश उर्फ लालू से परेशान होकर उसकी हत्या कर दी है। वह रात को स्कूल के मुख्य गेट के रास्ते पर बैठा था।

वह परेशान कर रहा था। बाद में जब राकेश भाई के शव के पास गया तो दंपती भाग गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित दंपती को गिरफ्तार कर लिया है।

### आरोपी बोला, पत्नी से बदतमीजी की थी

आरोपित ने पुलिस को बताया है कि घटना की रात को योगेश ने उसकी पत्नी से बदतमीजी की थी। जिसके चलते उसकी हत्या कर दी। मृतक योगेश ने मार्च, 2014 में रात को अपनी पत्नी बबीता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। जिसमें उसे अप्रैल, 2017 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। वह फिलहाल उच्च न्यायालय से जमानत पर था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## हेल्थ केयर लैब संचालक से नकदी व मोबाइल छीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- कुंडली में केएफसी के पास शनिवार देर रात 11 बजे तीन-चार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने केस दर्ज किया

कुंडली थाना क्षेत्र में हेल्थ केयर लैब संचालक को डराकर मोबाइल फोन, नकदी सहित सामान छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को देकर तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव शाहपुर तंगा निवासी दीपांशु ने बताया कि उसने गैडोर कॉलोनी कुंडली में हैल्थ कैयर के नाम से लैब कर रखी है।

गत 27 अप्रैल को रात करीब 11 बजे दुकान के बंद करके केएफसी के पास वाले फ्लाई ओवर के नीचे पार्क के पास आया था। जहां तीन-चार लड़कों ने उसका बैग छीन लिया। उसके बाद उसे धमकी देकर फरार हो गए। बैग में 25 हजार रुपये, दो मोबाइल फोन था। मानसिक संतुलन खो बैठने के कारण वह काफी डर गया था। उसके बाद वह अपने घर पर आ गया। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई दिनेश ने बताया कि मामले की गंभीरत से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द युवकों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## वुशु खिलाड़ियों ने चीन में जीते तीन पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा



इंटरनेशनल इन्वीटेशन वुशु चैम्पियनशिप चीन में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण व 1 रजत पदक सहित कुल 3 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। पदक विजेता खिलाड़ियों में अनुज 52 किग्रा व अरूण प्लस 90 ने स्वर्ण पदक व रवि 65 ने रजत पदक प्राप्त किया। तीनों ही खिलाड़ियों का वुशु वर्ल्ड कप जो कि आस्ट्रेलिया में आयोजित होगा के लिए भी चयन हुआ है। वुशु कोच विनोद गुलिया ने बताया कि रवि इससे पहले 5 बार इंटरनेशनल लेवल पर व 12 बार नेशनल लेवल पर, अनुज व अरूण इससे पहले 4 बार नेशनल लेवल पर मैडल प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व वुशु कोच विनोद गुलिया ने प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में तीनों पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया।

खिलाड़ियों को जीतने पर बधाई दी तथा वर्ल्ड वुशु कप में भी पदक जीतने की शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, कुशल प्रशिक्षण, अपने माता-पिता व प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया है।

**राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी व सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया पार्टी के प्रत्याशी समेत एक आजाद ने भरा पर्चा**

# सजने लगा चुनावी मैदान, पहले दिन 3 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र किए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लोकसभा आम चुनाव-2024 की नामांकन प्रक्रिया सोमवार से आरंभ हो चुकी है। जिला में पहले दिन लोकसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें से एक प्रत्याशी आजाद है, बाकि दोनों किसी ना किसी पार्टी से हैं।

### इन्होंने भरा पर्चा

नामांकन दाखिल करने वालों में गढ़ी ब्रह्मणान निवासी दीक्षित ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया है। दीक्षित 27 वर्षीय हैं। वहीं सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अशोक विहार निवासी बलबीर ने भी नामांकन दाखिल किया है।

तीसरे प्रत्याशी सरस्वती विहार निवासी राकेश धारीवाल हैं, जोकि राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के उम्मीदवार हैं। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने उनको शपथ भी दिलाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है।

ये नामांकन 06 मई (05 मई रविवार को छोडकर) प्रातः 11:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 102 मे दर्ज करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया 07 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 09 मई को कोई भी नामांकन वापिस लिया जा सकता है। 25 मई को वोटिंग होगी और 04 जून को मतगणना की जाएगी।



**सोनीपत।** उम्मीदवार राकेश धारीवाल अपना नामांकन दाखिल करते हुए।

### बुढ़ापा पेंशन ही बलबीर की आय, राकेश इलेक्ट्रीशियन


नामांकनों से मिली जानकारी के अनुसार बलबीर के पास हां 1,59,932 रुपये की चल संपत्ति हैं, वहीं उनकी पत्नी के पास 1 लाख 47 हजार 367 की चल संपत्ति है। अचल संपत्ति के तौर पर 13 लाख रुपये की जमीन बताई गई है। बलबीर ने अपनी और अपनी पत्नी की आय का स्त्रोत बुढ़ापा पेंशन को बताया है। वहीं राकेश धारीवाल ने खुद को इलेक्ट्रिशियन बताते हुए अपनी पत्नी को फैक्टरी में जॉब बताई है। इनकी चल संपत्ति 34 हजार तो पत्नी की 8 हजार रुपये बताई गई है। वहीं अचल संपत्ति के नाम पर कुछ भी नहीं है। दूसरी ओर तीसरे प्रत्याशी दीक्षित के नामांकन की जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं हो पाई है। राकेश धारीवाल व बलबीर पर कोई भी आपराधिक मुकद्दमा लंबित नहीं है।

# सरसों की खरीद बंद होने से आढ़ती और किसान परेशान, सचिव से मिले


**गन्नौर।** गेहूं खरीद का सीजन शुरू होने की वजह से गन्नौर अनाज मंडी में सरसों की खरीद को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया था। गेहूं की आवक अब कम होने के बाद शनिवार से सरसों खरीद करनी फिर से शुरू की जा चुकी है, लेकिन हैफेड के अधिकारियों द्वारा सरसों की जांच मंडी की अपेक्षा गोदाम पर जाने के बाद करने की बात कही जा रही है। ऐसे में आढ़तियों ने सोमवार को किसानों की सरसों की फसल को खरीदना बंद कर दिया। आढ़तियों की मानें तो गोदाम पर जाने के बाद यदि उनके द्वारा खरीदी गई सरसों रिजेक्ट कर दी जाती है तो उन्हें भारी नुकसान होगा। वहीं सरसों की कमर्शियल खरीद न होने से किसानों के सामने भी समस्या पैदा हो गई। जिसके चलते सोमवार को फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष नीरज त्यागी व किसान मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग से मिले। फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र गोयल व किसानों ने अपनी समस्या सचिव के समक्ष रखी। दोनों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि सरसों की फसल की जांच मंडी में ही होगी। उन्होंने आढ़तियों से सरसों की फसल को साफ करवा कर खरीदने को कहा, ताकि हैफेड के अधिकारी फसल को रिजेक्ट न करें। सचिव के आश्वासन के बाद ही आढ़तियों ने सरसों की फसल की खरीद का काम शुरू कर दिया। वहीं हैफेड द्वारा मंडी में ही सरसों की फसल की जांच का काम शुरू किया। जिसके बाद किसानों ने भी राहत की सांस ली।



# सहेली







स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

## पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

### हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

### हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठठ्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



### एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

### सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

### हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

## जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।

**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।

### क्या कहता है मनोविज्ञान



**मनोविज्ञान** के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं।

## अपने आप से क्यों रखें शिकायत

एडवाइस / विनीता



हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है। अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी। **(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

## मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'



**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'



**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

## जब समर सीजन के लिए सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह



गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। इसलिए इन पर ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।

**हील्स को कहें बाय-बाय:** अप्रैल, मई और जून माह में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में जिस तरह की गर्मी पड़ती है, वैसे मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इस दौरान लगातार हील्स पहनने से पैरों की शेप तक बिगड़ जाती है। चूंकि हील्स पहनने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी का आगे की ओर खिसक जाता है, इसलिए खड़े होने पर न चाहते हुए भी पीठ झुक जाती है। यह कई बार असहनीय पीठ दर्द का कारण बन जाता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें।

**कंफर्टेबल फुटवियर :** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स की तरफ भूलकर भी ना देखें। बेचैन करने वाली गर्मियों में यह पक्का डिसाइड कर लें कि इस मौसम में जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

**पैरों को दें नमी :** शॉर्ट ड्रेस पहनते समय पैरों की त्वचा का ध्यान रखना जरूरी है क्योंकि इनमें ज्यादातर समय पैर सीधे धूप, मिट्टी और गर्म हवाओं को सहते हैं। इसलिए अपने पैरों को इन परेशानियों से बचाने के लिए लेग्स को नियमित मॉयश्चराइज करती रहें वरना आपके पैरों की स्किन ड्राय और डल हो जाएगी।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



खरखौदा ओमप्रकाश कंवाली को नियुक्ति पत्र सौंपते जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा।

### ओमप्रकाश कंवाली बने भाजपा के जिला सचिव


**खरखौदा।** भाजपा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश कंवाली को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा । उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त है। ओमप्रकाश कंवाली ने कहा कि पार्टी द्वारा जो उन्हें दायित्व सौंपा गया है, वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

### भाजपा नेता कुलदीप नांगल को भातृ शोक

**राई।** राई हलके के भाजपा नेता एवं पूर्व मार्किट के चेयरमैन कुलदीप नांगल के बड़े भाई रविन्द्र तुषीर की



अंतिम शव यात्रा में गांव नांगल कलां में शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और परमात्मा से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। पदम श्री अवार्डी कवल सिंह चौहान, जजपा नेता ओमप्रकाश रसोई, सुभाष रसोई, कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल, पूर्व प्रत्याशी मीना नरवाल, मुरथल ब्लाक चेयसरमैन संजय, राई ब्लाक के चेयरमैन प्रदीप राई, राहुल बड़ौली, हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी, अनिल सरपंच रहे।



गोहाना। प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### एकल नृत्य प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में सोमवार को एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदनों के कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्राचार्य सरोज सिंह ने बताया कि जूनियर ग्रुप में शिवालिक हाउस की अवनि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिडिल ग्रुप में अरावली हाउस के गौरव ने बाजी मारी।

### विश्व अंग्रेजी दिवस समारोह का आयोजन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व अंग्रेजी दिवस मनाया गया। सोमवार को कक्षा प्रथम और द्वितीय के छात्रों ने /"मैं शेक्सपियर को जानता हूं/" थीम पर जश्न मनाया। बच्चों को इस दिन के महत्व और इसे क्यों मनाया जाता है, इसकी जानकारी देने के लिए एक शिक्षक वार्ता का आयोजन किया गया। बच्चों को विलियम शेक्सपियर और अंग्रेजी साहित्य में उनके योगदान के बारे में बताया गया। कुछ छात्र विलियम शेक्सपियर और उनके लेखन के मुख्य पात्र की पोशाक पहने हुए थे।

## सोनीपत के साउथ पॉइंट स्कूल का खिलाड़ी है विजेता शिवम

# गुरुग्राम में छाया शिवम ताइक्वांडो में जीता सोना




सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व सीईओ भावना कालरा के साथ पदक दिखाता खिलाड़ी शिवम। फोटो : हरिभूमि

**स्कूल पहुंचने पर संस्थान के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व सीईओ भावना कालरा ने पदक विजेता का किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी शिवम ने स्व. राजवंती और प्रभु दयाल मेमोरियल ताइक्वांडो टूनार्मेंट-2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पदक विजेता शिवम का सोमवार को स्कूल पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व सीईओ भावना कालरा ने जोरदार स्वागत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि यह टूर्नामेंट गुरुग्राम सेक्टर-55 स्थित ऑर्चिड द इंटरनेशनल स्कूल में 27 अप्रैल को आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों के करीब 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की थी। इनमें साउथ पॉइंट स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र शिवम पुत्र विमल कुमार ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीत संस्थान का नाम रोशन किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने स्वर्ण पदक विजेता शिवम को बधाई दी। साउथ पॉइंट स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने शिवम को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वह भी किसी न किसी खेल में भाग लें।



सोनीपत। आर्यन फौगाट अपनी ट्राफी के साथ। फोटो : हरिभूमि

### निवर्सल लॉन टेनिस रेंकिंग चैम्पियनशिप में आर्यन फौगाट ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली में 27 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक आयोजित यूनिवर्सल लॉन टेनिस रैंकिंग चैम्पियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत के खिलाड़ी आर्यन फौगाट ने फाइनल मैच में पंजाब के वेदांत नेहरा को 6-4, 7-6 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय एवं राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आर्यन फौगाट राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार खेल का प्रदर्शन कर रहे है। गत वर्ष आयोजित राष्ट्रीय खेलों में भी आर्यन ने सिल्वर पदक जीता था। आर्यन फौगाट की इस शानदार जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन नंबर-1

- प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में हरियाणा कैमिस्ट एसोसिएशन ने दिया अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। अपने सहयोगियों के साथ सम्मान ग्रहण करते हुए अध्यक्ष प्रदीप चहल।

गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन को हरियाणा प्रदेश की नंबर वन एसोसिएशन का दर्जा मिला है। गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन को यह सम्मान हरियाणा कैमिस्ट एसोसिएशन द्वारा सोनीपत में आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में दिया गया। राज्यस्तरीय सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों की कैमिस्ट एसोसिएशनों ने प्रतिभागिता की। संयुक्त अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष मनजीत शर्मा और एआईओसीडी उपाध्यक्ष अशोक सिंगला ने की। इस सम्मेलन में गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन को प्रदेश की नंबर वन एसोसिएशन का दर्जा दिया गया। सम्मेलन में यह सम्मान एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप चहल व उसकी टीम ने स्वीकार किया। प्रदीप चहल के अनुसार गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन को 35 वर्षों में यह सम्मान मिला है। इस अवसर पर अशोक सिंगला, रमेश खुराना, सतपाल सिंह, ओम प्रकाश जैन, सुरेश बजाज, रमेश अरोड़ा, सुरेश परुथी, हरि प्रकाश गुप्ता, एसएन गुप्ता व पुरुषोतम गोयल सहित अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जिज्ञासा बीसीए के प्रथम सैमेस्टर में विवि स्तर पर रही दूसरे स्थान पर

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विवि रोहतक द्वारा घोषित बीसीए के प्रथम सैमेस्टर के परीक्षा परिणामों में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा जिज्ञासा 88.40 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर दूसरे स्थान पर रही, जबकि मानवी ने दसवां स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम के बीसीए विभाग के अध्यक्ष राकेश जुनेजा ने बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने बीसीए के पहले व पांचवें सैमेस्टर के परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। जीवीएम की छात्राओं ने दोनों सैमेस्टरों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



सोनीपत। कॉलेज में छात्र संवाद करते हुए इनसो के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव कराने को मांगा समर्थन

**सोनीपत।** जेजेपी की छात्र इकाई इनसो द्वारा सोमवार को हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इनसो जिलाध्यक्ष कृष्ण सरोहा ने की। छात्रों को संबोधित करते हुए कृष्ण सरोहा ने कहा कि इनसो ने बहुत लंबा संघर्ष छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए किया। इनसो ने सड़क से लेकर सदन तक प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव कराने के लिए लड़ाई लड़ी। छात्र संघ चुनाव बहाल करने के लिए इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने हिसार की गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मे साथियों सहित भूख हड़ताल करके सरकार पर दबाव बनाया गया। इसके बाद सरकार ने प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल किए थे। कृष्ण सरोहा ने कहा कि लेकिन अब फिर से सरकार छात्र संघ चुनाव करवाने के मूड में नहीं दिख रही हैं तो इनसो संगठन सरकार को चेतावनी देता है कि या तो प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराई जाए अन्यथा इनसो बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

# भारत के एक महान योद्धा एवं दानवीर थे भामाशाह : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक पर दो महापुरुषों भामाशाह और राजा महेंद्र प्रताप का श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करके नमन किया गया।

मुख्य अतिथि दिल्ली से प्रबुद्ध ब्रह्म समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव सूर्य करण त्रिपाठी ने कहा भामाशाह का नाम दानवीरता के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज है। उनका जन्म 29 अप्रैल 1547 को ओसवाल जैन परिवार में हुआ था।



गोहाना। भामाशाह और राजा महेंद्र प्रताप सिंह को याद करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

भामाशाह बचपन से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र सहयोगी और विश्वास पात्र सलाहकार थे।जब महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ जंगलों में भटक रहे थे तब भामाशाह ने अपनी सारी पूंजी जीवन भर की महाराणा प्रताप को समर्पित कर दी थी। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। वे बोले कि राजा महेंद्र प्रताप भारत के सच्चे देशभक्त, पत्रकार, समाज सुधारक, महान क्रांतिकारी व दानवीर थे। वे आर्यन पेशवा के नाम से प्रसिद्ध थे। वृंदावन में एक विशाल फल वाले उद्यान को जो 80 एकड़ में फैला हुआ था 1911 में उत्तर प्रदेश की आर्य समाज प्रतिनिधि सभा को दान में दे दिया था। इस अवसर पर दयाचंद शर्मा, धर्मवीर भनवाला, सरदार गुरु चरण सिंह आदि रहे।

### शिविर में 83 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में सोमवार को 83 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। ट्रस्ट द्वारा यह शिविर शहर में सोनीपत टी पवाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया। शिविर की संयुक्त अध्यक्षता उषा गगनेजा और नेत्रदान व रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने की। संयोजन प्रवेश कुंडू और सिद्धार्थ बांगड़ का रहा। इन दोनों ने क्रमशः 53 व 23वीं बार रक्तदान किया। मुख्यातिथि नगर गांव के सरपंच प्रतिनिधि जस्सी खुराना और विशिष्ट अतिथि जितेंद्र अरोड़ा रहे। शिविर में नियमित रक्तदाताओं में श्याम, संदीप, मनोज, दीपक, अमित, सोमबीर, नवीन, राकेश रहे।

# कोचिंग सेंटर की टीम ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा




खरखौदा। विद्यार्थियों को संबोधित करते टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सांपला मार्ग स्थित ए.पी.गर्ग पब्लिक स्कूल में फिजिक्स वाला की टीम ने विद्यालय का दौरा किया। फिजिक्स वाला की टीम ने विद्यार्थियों को इंजीनियर और मेडिकल कैरियर के रूप में चुनने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कक्षा नौवीं से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि उन्हें दसवीं के बाद कौन-कौन से विषय चुनने चाहिए तथा 12वीं के बाद कहां से कोचिंग लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आप इन क्षेत्रों में जाकर जरूरी नहीं इंजीनियर या एम.बी.बी.एस डॉक्टर ही बनेंगे, बल्कि बी.डी.एस डॉक्टर व वेटरनरी डॉक्टर और बी. एस. सी नर्सिंग भी कर सकते हैं। इन क्षेत्रों का उज्ज्वल भविष्य है। फिजिक्स वाला की टीम ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए और उनके संशय दूर किये। इस टीम ने विद्यालय के 12 वीं कक्षा तक के टॉपर विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत होने वालों में अक्षिता ,लव ,दिशा, मानसी, नकुल ,कोमल, देविका इशांत ,दिशांत ,भारती व इति के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक मोहनलाल गुप्ता ने टीम का स्वागत किया तथा टीम द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को बनाने में फिजिक्स वाला की योगदान की सराहना की।



गोहाना। मेधावी बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए शिक्षकगण।

### नर्सरी से कक्षा 4 तक के टॉपर मेधावी सम्मानित

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नर्सरी से कक्षा 4 तक की वार्षिक परीक्षाओं के टॉपर बच्चों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता रहे बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की निदेशक रीना मलिक और प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह मलिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस समारोह में स्कूल की वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे बच्चे सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। समारोह में वर्ष भर की गतिविधियों में नृत्य और लेखन की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। 2023-24 के विगत शैक्षणिक सत्र में क्षितिज सदन को प्रथम घोषित किया गया।

# आंदोलन को किसानों ने बनाई रणनीति

- गोरड़ में भारतीय किसान नौजवान यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखोदा। बैठक में पहुंचे किसान नेता व किसान। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान नौजवान यूनियन की खरखौदा ब्लॉक की बैठक गोरड़ गाँव में समुन्दर तोमर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 13 फरवरी से शम्भू व खनौरी बोर्डरों पर चल रहे किसान आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 मई से किसान यात्रा शुरू की जाएगी जो हरियाणा के कोने-कोने में जाकर किसानों को जागरूक व एकजुट करेगी। इस यात्रा के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह 13 फरवरी से शुरू हुए आंदोलन में सरकार ने किसानों पर कथित रूप से ज्यादती की है। वर्ष 2014 से पहले किए गए तमाम वायदे सरकार ने पिछले 10 साल में पूरे नहीं किए है। इस यात्रा के समापन पर कैथल में 19 मई को किसान द्वारा महारैली की जाएगी और आंदोलन के 100 दिन पूरे होने पर शम्भू, खनौरी, डबवाली, रतनपुरा बॉर्डर पर लाखों किसान इकट्ठे होंगें। किसानों ने बताया कि पुलिस द्वारा की गयी ज्यादती में खनौरी व शम्भू बॉर्डर पर 400 से अधिक किसान घायल हो गए, 5 किसानों की आंखों की रोशनी चली गयी, 1 किसान शहीद हो गया और 3 किसान जेल में बंद हैं।




गोहाना। रैली निकाल कर मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए विद्यार्थी।

### छात्रों ने मतदान करने के लिए किया जागरूक

गोहाना। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करना कदापि न भूलें। आपके द्वारा किए गए मतदान से ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी और प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। सोमवार को यह संदेश गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के माध्यम से दिया। विद्यार्थियों ने गांव खेड़ी दमकन और जौली 2 गांवों में रैली निकाली।

जागरूकता रैली को स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एमडी ने कहा कि 25 मई को हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर पात्र मतदाता अपना मतदान अवश्य करे। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र व्यवस्था ही विकास का आधार है। ऐसे में अपने देश के विकास में सहभागी बनने के लिए मतदान से लोकतंत्र व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करें।

# जलपान से पहले करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रवज्जलित करते हुए।

हरियाणा गाईनी इंडोफेस्ट 2024 मुरथल एक होटल में सपंन्न हुआ। महिला स्वास्थ्य के प्रमुख विशेषज्ञों का एक महत्वपूर्ण समागम था। जहां वे क्षेत्र में अपने अनुभव और ज्ञान को बांटने के लिए आए। इस आयोजन की आयोजना को मुख्य रूप से डा. अनुपमा सेठी अरोड़ा ने की, जोकि प्राथमिक रूप से ट्यूलिप अस्पताल द्वारा संचालित की गई। उद्घाटन समारोह में डा. अनुराग अरोड़ा, डा. अनुपमा सेठी अरोरा , डा. अतुल गनात्रा, डा. सुधा टंडन, डा. निशा कपूर, डा. रागिनी अग्रवाल, डा. हेमन्त कनोजिया, डा. ऋषिकेष पंडित, अमित तनाजे, डा. प्रिया भावे, डा. अमिता साह, डा. मीनाक्षी और डा. मनीषा कादियान जैसे चिकित्सक शामिल हुए। इस अवसर पर अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ साझा किए गए। अनुभव और ज्ञान के लिए डा. शैलेश पुतांबेकर व डॉ दीपक लिंबाचिया के संबोधन भी थे। इस साथीपूर्ण माहौल ने महिला स्वास्थ्य में नई शल्य तकनीकों और अग्रिमताओं पर चर्चा को बढ़ावा दिया। डा. अनुपमा ने इस तरह के आयोजनों के निरंतरता का महत्व जताया, ताकि नवाचार और ज्ञान की आदान-प्रदान को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी सहकारियों और भागीदारों का आभार व्यक्त किया।

## निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षकों को किया जा रहा है ट्रेंड

# प्राथमिक अध्यापकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापकों को संबोधित करते प्रशिक्षक।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खरखौदा में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी पर सभी प्राथमिक अध्यापकों के लिए कक्षा चौथी व पांचवीं तक निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के विस्तारीकरण के लिए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इन चार दिनों के दौरान सीखी गई सभी बातों को अपनी-अपनी कक्षा में अवश्य लागू करें। प्रशिक्षण में पहली से पांचवीं कक्षा को पढ़ाने वाले अध्यापक सम्मिलित रहेंगे। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान किरण डारोलिया, कविता, सविता, स्नेहलता व संजीव रावल के.आर.पी. की भूमिका निभाते हुए विभिन्न विषयों की जानकारी अध्यापकों के साथ साझा करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत निपुण भारत के अंतर्गत निपुण हरियाणा नाम से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को शिक्षण की नई- नई तकनीकों के साथ-साथ नए सत्र की कार्य पुस्तिकाओं के प्रयोग, पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान लिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के आकलन, शैक्षणिक रूप रेखा, दैनिक,साप्ताहिक,वार्षिक पाठ योजना, विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री और उसका प्रयोग आदि की विस्तृत जानकारी देना है, ताकि वे बच्चों को खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से और अधिक रूचिकर ढंग से पढ़ा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापकों को फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी अर्थात आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान जिसमें हिंदी, गणित व अंग्रेजी विषय के बारे में विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालन में डॉ नवीन कुमार, सचिन बत्रा, राजेश कुमार, सतपाल, नीना, कविता, हरिओम, सुमन, डॉ निशा, रीना, सीमा, मनीष आदि का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### विवि की छात्राओं को सिस्कोनेट एसीएडी की जानकारी दी

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सिस्कोनेट एसीएडी की जानकारी दी गई। विभाग की अध्यक्ष डॉ सोनल के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को नेटवर्किंग तथा साइबर सुरक्षा संबंधी कोर्स करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद सरोहा ने बताया कि सिस्को तथा एनआईआईटी की ओर से सुभोमोय मंडल और कार्तिक भारद्वाज के अलावा राघवेंद्र पांडे, भावना शर्मा एवं वंदना ने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सिस्को वर्चुअल इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### युवक पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के जैनपुर गांव में सरकारी स्कूल के बाहर यमुना नदी से घर लौट रहे युवक पर लाठी-डंडों व बेलट से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आर्य समाज शहर बड़ा बाजार का 107वां वार्षिकोत्सव आरंभ

# परमेश्वर का मुख्य नाम ओम है: आर्य



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं।

**परमेश्वर ने मानव जीवन प्रदान करके हम पर बहुत बड़ा उपकार किया है**


**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर हरि चन्द स्नेही, मुकेश सिंघल, सुभाष रहेजा, प्रेम देवी, नन्दिनी, उमा गोयल, सुदर्शन आर्य, वेद प्रकाश आर्य, सुधांशु मित्र आर्य, दया नन्द आर्य, राम स्वरुप मुंजाल, रामधारी आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

आर्य समाज शहर बड़ा बाजार सोनीपत का 107 वां वार्षिकोत्सव दीपक आर्य तलवाड़ की अध्यक्षता में सप्तदिवसीय संगीतमय सत्यार्थ प्रकाश की कथा का शुभारंभ किया गया। संगीतरत्न वैदिक मिशनरी पंडित नरेश दत्त आर्य और उनके सहयोगीगण ने सत्यार्थ प्रकाश के चौदह सम्मुलासों (अध्याय) में से पहले दो सम्मुलास के आधार पर संगीतमय कथा ज्ञान ज्योति की माधुर्ययुक्त चर्चा की। सत्यार्थ प्रकाश के पहले सम्मुलास में परमेश्वर के लगभग एक सौ नामों की चर्चा की और बताया कि परमेश्वर का मुख्य नाम ओम है। परमेश्वर ने हमें मानव जीवन प्रदान करके हम पर बहुत बड़ा उपकार किया है। हमारा परम कर्त्तव्य और धर्म परमेश्वर की उपासना करते रहें। सत्यार्थ प्रकाश के दूसरे सम्मुलास में माता, पिता और आचार्य की अपनी सन्तान के प्रति कर्त्तव्यों की चर्चा की गई। माता को पहला भगवान माता, पिता दूसरा भगवान और आचार्य, विद्वान, ऋषि, मुनि और महान पुरुष हैं। यह सब अपनी संतानों को सुसंस्कारित करते रहें ताकि सन्तान बड़ी होकर आदर्श व्यक्तित्व और कृतित्व का धनी बने। समारोह में राजेश धवन और भावना धवन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

## सुंदरकांड पाठ से सभी क्षेत्र में मिलती है सफलता



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता तरुण देवीदास का स्वागत करते हुए।

- शहर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गीता भवन मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सुंदरकांड यज्ञ समिति द्वारा श्री सुंदरकांड का पाठ एवं भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने शिरकत की। मुख्य अतिथि के कार्यक्रम में पहुंचने पर जय श्री राम के नारो से पंडाल गूंज उठा। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने उपस्थित भक्तजनो को संबोधित करते हुए कहा कि सुंदरकाण्ड में हनुमान जी द्वारा किये गये महान कार्यों का वर्णन है। रामायण पाठ में सुन्दरकाण्ड के पाठ का विशेष महत्व माना जाता है। इस अवसर पर कोमल परुथी, अश्वनी तनेजा, सुरेंद्र छाबड़ा, शक्ति बत्रा आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर नृत्य प्रस्तुत करते स्कूल के छात्र।

## नृत्य दिवस के महत्व को भाषण और विभिन्न नृत्यों के माध्यम से समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष में हैप्पी चाईल्ड स्कूल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने नृत्य दिवस के महत्व को भाषण और विभिन्न प्रकार के नृत्यों के माध्यम से समझाया। जिसमें विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य , राजस्थानी नृत्य, पंजाबी नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक सुनील नागपाल, विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि नृत्य कला के विविध रूपों को मनाने और सराहने का एक शानदार अवसर है। यह दिवस न केवल विभिन्न संस्कृतियों के नृत्य का उत्सव मनाता है, बल्कि एकता, समरसता और आत्म-अभिव्यक्ति का प्रतीक भी है।



गन्नौर। क्रिकेट अकादमी, गन्नौर के खिलाड़ी दिल्ली कैपिटल्स को समर्थन देते हुए आईपीएल मैच का आनंद लेते हुए।

### युवा क्रिकेटरों ने आईपीएल मैच का लुत्फ उठाया

**गन्नौर।** बाल भवन क्रिकेट अकादमी, गन्नौर के युवा क्रिकेटरों ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच हुए रोमांचक आईपीएल मैच का आनंद लिया। खिलाड़ियों ने अपने प्रिय टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए जोर-शोर से चीयर किया और हर बाउंड्री और विकेट पर जश्न मनाया। स्टेडियम का माहौल बेहद उत्साहजनक था और युवा क्रिकेटरों ने अपने आदर्शों को करीब से देखा और सीखा। अकादमी के कोच अशीष जी और प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता जी ने खिलाड़ियों के साथ इस मैच को देखा और उनके उत्साह को बढ़ाया। युवा खिलाड़ी ने कहा कि हमें यह मैच देखने का अवसर मिलना बहुत अच्छा लगा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए चीयर्स मारना और मैच का आनंद लेना हमारे लिए यादगार अनुभव था।



राई। विजेता छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश व सागर भारद्वाज।

## ओलम्पियाड पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन नाथूपुर में प्रार्थना सभा के दौरान सामान्य ज्ञान ओलम्पियाड के पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा गत वर्ष दिसंबर माह में हुई थी। जिसमें स्कूल के भूगोल, इतिहास, विज्ञान, करंट अफेयर आदि विषयों में रूचि लेते हुए प्रतिभागी बने और अपनी बुद्धिमता, मानसिकता का परिचय देते हुए 38 छात्रों ने बाजी मारी। सागर भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को इस प्रकार प्रतियोगी परिक्षाओं में अवश्य भाग लेना चाहिए ताकि आगामी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार कर से भविष्य में अपनी बुलंदियों को छू। उन्होंने मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महिला महाविद्यालय एनसीसी यूनिट के वरिष्ठ कैडेट्स सम्मानित



गोहाना। समारोह में अतिथियों के साथ एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को एनसीसी कैडेट्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा आयोजित किया गया जिसमें यूनिट के वरिष्ठ कैडेट्स को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य सतीश कुमार ने की और संयोजन यूनिट प्रभारी डॉ. एकता वशिष्ठ का रहा। मुख्य अतिथि मेजर रामकुमार ने कहा कि एनएसएस समाज व राष्ट्र सेवा का एक सशक्त माध्यम है। एनसीसी कैडेट्स अपने योगदान से देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र वशिष्ठ रहे। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को जीवन में अनुशासन और मेहनत का महत्व समझाया।

## कंपनी के बाहर खड़े दो-पहिया वाहन में लगाई आग

- पीड़ित के बयान पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। बाइक में लगी आग व मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी।

राई थाना क्षेत्र में कंपनी के बाहर खड़े सुपरवाइजर के दो-पहिया में आग लगाने का मामला सामने आया है। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने सुपरवाइजर के बयान पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है।

गांव बाघड़ कलां निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह हिंदुस्तान लेजर कंपनी जठेड़ी में बतौर सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत है। गत 28 अप्रैल को कंपनी में लेबर के साथ मामन की कहासुनी हो गई। वही वेडिंग ऑपरेटर के साथ भी मामन ने शराब पीकर कहासुनी की थी। उसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर दिया था। सोमवार सुबह करीब 10.20 बजे मामन ने शराब के नशे में कंपनी के बाहर खड़ी उसकी दो-पहिया वाहन में आग लगा दी। वाहन में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर बाइक में लगी आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक बाइक ढांचे में बदल चुकी थी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस नेइ स संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ट्राली में भरे पराली के गट्ठों में लगी आग, टायर जले

**गोहाना।** ट्राली में भरे पराली के गट्ठों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब ट्रैक्टर-ट्राली शहर में चौ. छोटूराम चौक के पास पहुंची तो आग फैल गई और ट्रैक्टर चालक को पता चला। पराली के गट्ठों रात भर सुलगते रहे। अग्निशमन केंद्र गोहाना की टीम ने सात घंटे तक कड़ी मशक्कत की, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। ट्राली के टायर भी जल गए। टोहाना से सुखपाल पराली के गट्ठों को ट्राली में भरकर लाया और एक फैक्ट्री में पहुंचाने थे। ट्राली में लगभग चार एकड़ की पराली के गट्ठे भरे गए थे। ट्राली में गट्ठे काफी ऊंचाई तक भरे गए थे। रविवार रात लगभग 10:30 बजे जब सुखपाल ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर शहर में चौ. छोटूराम चौक में पहुंचा तो पराली के गट्ठों में आग फैल चुकी थी। इससे स्पष्ट हुआ कि पीछे कहीं गट्ठों में आग लगी। ट्राली में अधिक ऊंचाई तक पराली के गट्ठे भरे होने से बिजली लाइनों से टकराकर शार्ट-सर्किट होने से आग लग सकती है। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र की टीम दमकल गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची। टीम द्वारा पानी छिड़कर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन पराली के गट्ठे बार-बार सुलगते रहे।

## नीतू बनी मिस फेयरवेल



सोनीपत। विदाई समारोह के दौरान छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ।

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 12 सोनीपत में फाइनल ईयर की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शर्मिला बधवार के द्वारा किया गया। प्राचार्य दिलबाग जाखड़ ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कहा कि जीवन में मेहनत के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है और छात्र जीवन में ही मेहनत की बुनियाद पडती है। हमें अनुशासन में रहने की आदत पडती है। प्राचार्य ने छात्राओं से अपील की कि वे इस महाविद्यालय कर नाम रौशन करेंगी और परिक्षा में बेहतर परिणाम देंगी। नीतू को मिस फेयरवेल, बरखा को मिस ब्यूटीफुल, प्रियांशु को मिस ब्यूटीफुल स्माइल, पूजा को मिस पर्सनालिटी, अंजलि को मिस इंटेलिजेंट और सेजल को मिस लॉन्ग हेयर का टाइटल दिया गया।

## नहरों में नहाने वालों पर धारा 144 के तहत होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि गर्मियों में जिला से गुजरने वाली नहरों के किनारों पर नहाने के लिए भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो जाती है। जिसके कारण कई बार नहर में नहाने वालों की पानी में डूबने की आंशका बनी रहती है क्योंकि नहरों में पानी का प्रवाह विभिन्न परिस्थितियों के अधीन है। जिलाधीश ने मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए नहरों में व्यक्तियों के प्रवेश और वहां स्नान करने पर पाबंधी लगाई हैं। जिलाधीश ने कहा कि धारा-144 के आदेश जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस बल या ड्यूटी पर सैन्य कर्मियों तथा बचाव व खोजबीन कार्य में लगे गोताखेरों पर लागू नहीं होंगे। जिलाधीश ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति धारा-144 का उल्लंघन करता है उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



गन्नौर। छात्राओं की एकल नृत्य (सोलो) प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।

## छात्राओं की एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

डीएवी पब्लिक स्कूल गन्नौर में छात्राओं की एकल नृत्य (सोलो) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से कक्षा तीसरी तक की छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को मंच के सामने लाने का बहुत अच्छा प्रयास किया । विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में सुसज्जित विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने बताया कि नृत्य लोगों के इतिहास को भी जीवित रखना और अपनी आंतरिक भावनाओं विचारों में अनुभवों को व्यक्त करने का साधन है।(नृत्य कला) में विजेता कक्षा तीसरी से गुनश्री,नैना, कक्षा दूसरी से पावनी, कार्तिके और रियांशी, कक्षा पहली से अमायरा, अमृत ने बाजी मारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## मुरथल स्थित डीक्रस्ट के विवि प्रबंधन के खिलाफ जारी रहा एसोसिएशन का धरना

# विवि प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण रिसर्च ठप: डीक्रूटा

- लगाया आरोप : रिसर्च लैब में है उपकरणों का टोटा, नए उपकरण नहीं जा रहे हैं खरीदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। डीक्रस्ट में विरोध प्रदर्शन करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीचर एसोसिएशन ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के अडियल रूख के कारण विश्वविद्यालय में रिसर्च कार्य पूर्णरूप से ठप हो गया है। यहां तक की रिसर्च स्कॉलर दर दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो चुके हैं। रिसर्च लैब में उपकरणों का टोटा है, विश्वविद्यालय प्रशासन नए उपकरण खरीद नहीं रहा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को भी प्रबंधन के खिलाफ धरना जारी रखा। इस दौरान डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन के अडियल रूख के कारण 2023 दिसंबर में होने वाले पीएचडी के एडमिशन भी नहीं हो पाए, वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय द्वारा रिसर्च को लेकर लंबे चौड़े दावे किए जाते हैं। हालत इतनी खराब है कि रिसर्च स्कॉलर विश्वविद्यालय प्रशासन को मेल करके हार चुके हैं। रिसर्च स्कॉलरों के स्कॉलरशिप के केसों पर विश्वविद्यालय प्रशासन अपने अडियल रूख के कारण कुंडली मारकर बैठ गया है।

डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि रिसर्च लैब में उपकरणों का टोटा है। बार बार लिखे जाने के बावूजद भी विश्वविद्यालय रिसर्च लैब के लिए उपकरण खरीद नहीं पा रहा है। रिसर्च लैब में उपकरण खराब पड़े हैं, मेनटेंनस की फाइल विश्वविद्यालय प्रशासन की लालफीताशाही का शिकार है। जिन रिसर्च स्कॉलरों का रिसर्च कार्य पूरा हो चुका है या रिसर्च के लिए रिसर्च पेपर पब्लिश करवाना है, वे करवा नहीं पा रहे हैं, क्योंकि विश्वविद्यालय प्लेगरिशम का सॉफ्टवपेयर है ही नहीं। विश्वविद्यालय प्रशासन की लालफीताशाही की हद इस तरह की है कि शिक्षकों को छुट्टियों में अपने खर्चे पर आईआईटी जैसे संस्थान में रिसर्च फेलोशिप प्रोग्राम में जाने तक अनुमति नहीं दी जा रही है।

डीक्रूटा ने कहा कि छात्र हित व विश्वविद्यालय के हित में शैक्षणिक कार्य जारी हैं और आगे भी जारी रहेगें, ताकि छात्रों का और विश्वविद्यालय को किसी प्रकार अहित न हो। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के अडियल रूख व छात्रों, रिसर्च स्कॉलरों व विश्वविद्यालय के हित के लिए डीक्रूटा का धरना पदर्शन जारी रहेगा।